जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 25 प्रभात बीकानेर, गुरुवार 15 अगस्त, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.

# भारी बारिश और फिर घंटो ट्रैफिक जाम



*राजधानी जयपुर में बुधवार शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मानसून की सबसे तेज बारिश हुई। शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। पानी भरने से सड़कें दरिया बन गई जिनमें कार व दुपहिया वाहन तैरते देखे गए। एम.आई. रोड, जयपुर परकोटे व अजमेर पुलिया के साथ-साथ मुख्य सीकर रोड पर 5 फीट से ऊपर पानी भर गया। ट्रैफिक जाम की ऐसी भयावह स्थिति बनी कि सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग से एम.आई. रोड पर पहुंचने में लोगों को 5 मिनट के बजाय 4 घंटे से ज्यादा समय लगा। इसी तरह वी.वी.आई.पी. रूट जवाहर लाल नेहरू रोड, त्रिमूर्ति सर्किल पर भी देर रात 12 बजे तक भारी यातायात जाम में लोग फंसे रहे।*

## अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रदूत कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक राष्ट्रदूत का अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**-प्रबंध सम्पादक**




## बंगाल से ग्यारह महिला सांसदों ने युवा डॉक्टर के रेप व हत्या के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 अगस्त। पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवा में वस्तुतः ठप्प हो गई हैं क्योंकि जूनियर डॉक्टर, तथा उनके साथ सीनियर डॉक्टर अपने ड्यूट-स्थलों से बाहर आ गये हैं तथा आर.जी. कार हॉस्पिटल एंड कॉलेज में इन्टर्नी एम.डी. छात्रा के साथ हुये दुष्कर्म तथा उसकी हत्या को लेकर न्याय की माँग कर रहे हैं।

बंगाल इस घटना से उपजे क्रोध में भड़क रहा है तथा राज्य के सुरक्षा तथा निष्पक्षता के पूर्ण अभाव को लेकर जन-आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। सोशल मीडिया इस बात पर उत्तेजित है तथा इसकी जबरदस्त भर्त्सना कर रहा है कि यहाँ की 11 महिला सांसदों में से किसी ने भी इस मेडिकल छात्रा के साथ हुये जघन्य अपराध के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने घटनास्थल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ए.डी.जी. वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक दिया जाएगा

जयपुर, 14 अगस्त। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 78वें स्वाधीनता दिवस-2024 के अवसर पर राजस्थान के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ए.डी.जी. एस.ओ.जी. वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक व 14 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने इन सभी अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए.टी.एस. व एसओजी विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चुना गया है। सिंह ने 8 महीने में 12 भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक गिरोह को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने एस.ओ.जी. में कार्यभार संभालते ही पेपर लीक माफिया की कमर तोड़ दी। साल 1997 बैच के आई.पी.एस. सिंह को जनवरी 2024 में नई सरकार ने एस.ओ.जी. ए.डी.जी. बनाने के साथ एंटी चीटिंग सेल की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजीव गांधी की जयंती से कांग्रेस महाराष्ट्र का चुनाव अभियान शुरू करेगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 अगस्त। कांग्रेस 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेगी।

पार्टी राज्य इकाई का सम्मेलन कर रही है उसके बाद एक जनसभा होगी। रोचक बात यह है कि कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा आयोजित है और इसमें उद्धव ठाकरे और शरद पवार को बुलाया जाएगा।

- **ऐसा माना जा रहा है, कि उद्धव ठाकरे विपक्ष की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।**

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री कौन होगा इसका निर्णय चुनाव के बाद इस आधार पर किया जाएगा कि किस पार्टी के कितनी सीटें मिलती हैं। संभावना है कि उद्धव ठाकरे ही गठबंधन का चेहरा होगे। शरद पवार बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य के बाद भी गठबंधन के सबसे बड़े नेता हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




